फाइल संख्या-71-1001/15/2020

94/2021/1/70266/2021

प्रेषक,

एस0 पी0 सिंह,
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 12 जून, 2021

विषय: वित्तीय वर्ष 2021-22 में मेडिकल कालेज, कन्नौज परिसर में हृदय रोग अस्पताल के निर्माण कार्य हेतु धनराशि स्वीकृत किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एमई/बजट/2021-22/146, दिनॉक 02-06-2021 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मेडिकल कालेज, कन्नौज परिसर में हृदय रोग अस्पताल के निर्माण हेतु शासनादेश संख्या-640/71-1-2013-जी-476/2012, दिनॉक 30-03-2013 द्वारा व्यय वित्त समिति द्वारा आकलित लागत रू0 37,05,36,000/- (रू0 सैतीस करोड़ पॉच लाख छत्तीस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी थी। लागत दरें पुनरीक्षित होने के कारण दिनॉक 19-10-2015 को हुई व्यय वित्त समिति की बैठक में उक्त प्रायोजना की कुल लागत रू0 13356.25 लाख पुनरीक्षित की गयी थी एवं तदनुरूप शासनादेश दिनॉक 02-02-2016 द्वारा उसकी प्रशासकीय स्वीकृति निर्गत की गयी थी। इस प्रकार पुनरीक्षित लागत रू0 13356.25 लाख के सापेक्ष विभिन्न शासनादेशों द्वारा कुल 12286.28 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जा चुकी है, जिनका विवरण निम्नवत् है:-

क्र0	शासनादेश संख्या व दिनॉक	धनराशि (रू0 लाख में)
1	शासनादेश संख्या-640/71-1-2013-जी-476/2012, दिनॉक 30-03-2013	50.00
2	शासनादेश संख्या-1339/71-1-13-जी-476/2012, दिनॉक 07-06-2013	1000.00
3	शासनादेश संख्या-718/71-1-2014-जी-476/2012, दिनॉक 25-03-2014	500.00
4	शासनादेश संख्या-2288/71-1-2014-जी-476/2012, दिनॉक 08-08-2014	1154.73
5	शासनादेश संख्या-48/2825/71-1-2014-जी-476/2012, दिनॉक 25-11-2014	425.30
6	शासनादेश संख्या-113/2015/912/71-1-2015-जी-476/2012, दिनॉक 21-05-2015	575.33
7	शासनादेश संख्या-11/2016/2791/71-1-2015-जी-476/2012, दिनॉक 02-02-2016	1106.52
8	शासनादेश संख्या-18/2016/304/71-1-2016-जी-476/2012, दिनॉक 04-02-2016	318.15
9	शासनादेश संख्या-138/2016/1510/71-1-2016-जी-476/2012, दिनॉक 09-06-2016	5988.10
10	शासनादेश संख्या-42/2018/723/71-1-2018-जी-476/2012, दिनॉक 15-03-2018	350.00
11	शासनादेश संख्या-141/2020/4181 /71-1-2020-जी-476/2012 दिनॉक 18.11.2020	818.15
	योग-	12286.28

2- आपके उक्त पत्र दिनॉक 02-06-2021 के क्रम में मेडिकल कालेज, कन्नौज परिसर में हृदय रोग अस्पताल के निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत वृहद निर्माण कार्य के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि रू0 500.00 लाख के सापेक्ष रू0 402.16 लाख (रू0 चार करोड़ दो लाख सोलह हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है:-

1. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनॉक 22-03-2021 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
2. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उन्ही कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।
3. प्रायोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में अवश्य पूर्ण कर लिया जाय।
4. कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी महानिदेशक /प्रधानाचार्य/कार्यदायी संस्था की होगी।
5. अवमुक्त धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार करते हुए व्यय नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि को पी0एल0ए0/बैंक खाते में नही रखा जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

6. प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से महानिदेशक/प्रधानाचार्य द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।
7. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2 के शासनादेश दिनॉक 19.10.2015 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
8. कार्यदायी संस्था को दो माह की आवश्यकता के अनुसार धनराशि अवमुक्त की जायेगी। विभागाध्यक्ष कार्यालय में तैनात वित्त नियंत्रक का यह उत्तरदायित्व होगा कि धनराशि का कोषागार से आहरण दो-दो माह की आवश्यकता के अनुसार ही किया जाये।
9. शासनादेश संख्या-640/71-1-13-जी-476/2012, दिनॉक 30.03.2013 एवं शासनादेश संख्या-11/2016/2791 /71-1-2015-जी-476/2012, दिनॉक 02.02.2016 की शेष शर्ते यथावत् रहेंगी।

3- उक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-31 के अधीन लेखाशीर्षक ''4210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय-03-चिकित्सा, शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-61-मेडिकल कालेज, कन्नौज परिसर में हृदय रोग अस्पताल की स्थापना-24-वृहद निर्माण कार्य'' के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनॉक 22 मार्च, 2021 में प्रतिनिहित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे है।

भवदीय

(एस0 पी0 सिंह)
अनु सचिव

संख्या:-उपरोक्त तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- श्री कुलदीप रस्तोगी, संयुक्त सचिव, उ0प्र0 शासन।
3- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कन्नौज।
5- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज कन्नौज।
7- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कन्नौज।
8- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, गोमती नगर, लखनऊ।
9- नियोजन अनुभाग-4/समाज कल्याण बजट प्रकोष्ठ।
10- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
11- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(एस0 पी0 सिंह)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।